www.amritvichar.com

अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली के प्रमुख समाचार

- पत्नी के भागने पर जहरीला पदार्थ खाने वाले अधिवक्ता की मौत-II
- बिजली अफसरों ने चारों जिलों की खराब की रैंकिंग, होगी कार्रवाई -III
- सेपक टाकराः उत्तर प्रदेश की टीम ने जीता स्वर्ण पदक -IV

बरेली , मंगलवार,28 अक्टूबर 2025

सुविचार

सारा जगत स्वतंत्रता के लिए लालायित रहता है फिर भी प्रत्येक जीव अपने बंधनों को प्यार करता है। यही हमारी प्रकृति की पहली दुरुह ग्रंथि और विरोधाभास है। - महर्षि अरविंद

सिटी ब्रीफ

राहत : 199 पूजा विशेष ट्रेनें चलाई जा रहीं

बरेली, अमृत विचार : छठ महापर्व पर पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से रिकार्ड 199 पूजा विशेष ट्रेनें 2,913 फेरों के साथ चलाई जा रही हैं, ताकि यात्रियों को राहत मिले। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार इनमें से 117 ट्रेनें 1,551 फेरों में सीधे पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलाई जा रही हैं, जबकि 82 ट्रेनें 1,362 फेरों में पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। 28 अक्टूबर को चलने वाली प्रमुख पूजा विशेष गाड़ियों में 04824 मऊ-जोधपुर सुबह 4 :00 बजे मऊ से प्रस्थान करेगी, जो आजमगढ़, अयोध्या धाम जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, कन्नौज व मथुरा जंक्शन होकर जाएगी। 05062 टनकपुर-अछनेरा सुबह 4 :35 बजे टनकपुर से चलेगी, जो पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज व मथुरा जंक्शन होकर जाएगी। 01454 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) सुबह 5 :00 बजे रवाना होगी। 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुबह 7 :35 बजे चलेगी। 05131 गोरखपुर-बहराइच सुबह 5 :25 बजे और 05047 बनारस-कोलकाता सुबह 10 :45 बजे प्रस्थान करेगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमा शंकर कहार ने बताया कि अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चालानी वाद, 138 एनआई एक्ट के वाद, पारिवारिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के वाद और बैंक संबंधी लोन के विवादों का निस्तारण सुलह के आधार पर किया जा सकता है। पराविधिक स्वयंसेवकों की ओर से शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पंफलेट बांटकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

राजेंद्र नगर की हवा की सेहत अभी खराब

बरेली, अमृत विचार : दिवाली के एक सप्ताह बाद भी शहर की हवा शुद्ध नहीं हो रही है। सिविल लाइंस की स्थिति तो ठीक हो गई है लेकिन राजेंद्रनगर में स्थिति अभी खराब है। सोमवार को सिविल लाइंस का औसत एक्यूआई 58 और राजेंद्र नगर का 125 रिकॉर्ड किया गया। सिविल लाइंस में अधिकतम एक्यूआई 121 और राजेंद्रनगर में 182 तक दर्ज किया गया।

अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा

छठ पूजा महापर्व के तीसरे दिन शिव पार्वती मंदिर में सामूहिक रूप से छठ मइया और सूर्य की पूजा करतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

विश्वविद्यालय में केंद्रीय अनुरक्षण सेल का गठन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव हरीश चंद्र ने केंद्रीय अनुरक्षण सेल (सेंट्रल मैंटीनेंस सेल) का गठन किया है।

इसमें डॉ. अतुल कुमार को संयोजक और डॉ. एमएस करुणा, डॉ. नीरज कुमार, उपकुलसचिव प्रशासन और अवर अभियंता विद्युत मोहर सिंह को सदस्य नामित किया है।

इस सेल का काम प्रत्येक विभाग या कार्यालय से आने वाले कार्यों की आवश्यकता का अवलोकन करते हुए कार्य कराने की स्पष्ट संस्तुति, कार्य सम्पन्न होने के बाद उसका सत्यापन और बिल भुगतान की संस्तुति करना होगा।

सड़कें होंगी धूलमुक्त, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम शुरू करेंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जल्द शहर की सड़कों से धूल नही उड़ेगी, जिसके लिए नगर निगम ने कवायद जारी कर दी है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत शहर की प्रमुख सड़कों को हरा-भरा बनाने के साथ ही चौराहों पर निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए शासन की ओर से बजट भी जारी कर दिया है।

निगम के अधिकारियों ने बैठक कर टेंडर प्रक्रिया आरंभ करने योजना बनाई है। इस नवीन कार्य योजना में सड़कों की नियमित सफाई के लिए आधुनिक मशीनें, विभाजन पट्टियों और पार्कों में पौधरोपण समेत अन्य कार्य प्रस्तावित हैं। अधिकारियों का कहना है कि वायु प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा कारण सड़कों में होने वाले गड्ढे और मौजूद मिट्टी है। इससे वाहनों के गुजरने पर हवा में प्रदूषण फैलाने वाले धूल के कण पहुंचते हैं, जिससे लोगों की सेहत के साथ ही शहर की सेहत पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। नगर निगम की ओर से मुख्य सड़कों और प्रमुख बाजारों में सड़क व फुटपाथ सुधार, ग्रीन बेल्ट विकसित करने के साथ पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। नगर निगम ने इस योजना के तहत जो काम होने हैं इसकी सूची बना ली है। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि एनसीएपी कार्यक्रम के तहत धूलमुक्त सड़कों के साथ ही पौधरोपण कराया जाएगा। जल्द डीएम की अध्यक्षता में बैठक कर कार्य योजना को अन्य विभागों के सहयोग से धरातलीय रूप दिया जाएगा।

ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़, पर्चा काउंटर पर तकरार

जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा बुखार व गले के संक्रमण के मरीज पहुंचे, बुजुर्गों के लिए आरक्षित दो में से एक पर्चा काउंटर बंद रहा, झेली परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दिवाली के अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित दो में से एक पर्चा काउंटर बंद रहा। इससे बुजुर्ग मरीजों को परेशानी से जूझना पड़ा। पहले पर्चा बनाने के लिए काउंटर पर दो बुजुर्ग मरीजों के बीच तकरार हुई। सुरक्षा गार्ड ने किसी तरह दोनों को समझाकर शांत कराया।

ओपीडी में 1745 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ। जबकि 2 हजार के करीब पुराने रोगियों को भी ओपीडी में इलाज दिया गया। 200 से अधिक मरीज वायरल बुखार के सामने आए। वहीं 70 मरीजों में मलेरिया के लक्षण होने पर जांच कराई गई लेकिन कोई मलेरिया से ग्रसित नहीं मिला। बुखार व गले के संक्रमण के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। ओपीडी में बुजुर्ग मरीजों की संख्या भी अधिक रही।

जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

● ओपीडी में 1745 नए मरीजों ने पंजीकरण कराया

फिजिशियन डॉ. वैभव ने बताया कि मौसम में बदलाव हो रहा है। अनदेखी करने से सेहत बिगड़ रही है, जिसके चलते लोग वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इस मौसम में गंभीर बीमारियों से ग्रसित बुजुर्ग और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

पर्चा काउंटर पर बुजुर्गों में होती नोकझोंक। ● अमृत विचार

व्यवस्था लंगड़ी, जमीन पर दिव्यांग

बरेली, अमृत विचार : सीएमओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित शिविर में दिव्यांगों को परेशानी से जूझना पड़ा। जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उनके लिए सिस्टम बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं कर सका। तमाम दिव्यांगों को जमीन पर ही बैठना पड़ा। उनका दर्द छलका, मगर उन्हें नहीं दिखा, जो जिम्मेदार हैं। दरअसल, हर सोमवार को सीएमओ कार्यालय में शिविर लगता है, जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी कार्य के लिए आते हैं। लेकिन यहां मेडिकल परीक्षण करने के लिए डॉक्टर के आने का समय 12 बजे से है, जिसके चलते घंटों दिव्यांगों को इंतजार करना होता है। चंद दिव्यांगों की ही समस्या का निस्तारण होता है। अन्य मायूस होकर घर लौट जाते हैं। यहां तीन व्हील चेयर हैं, जबकि जरूरत यहां आने वाले 90 फीसदी दिव्यांगों को होती है। वहीं कार्यालय तक जाने के लिए रैंप भी नहीं बनी हुई है। सुबह से यहां स्वास्थ्य अफसरों का आवागमन रहता है, लेकिन दिव्यांगों की समस्या की ओर किसी भी नजर नहीं जाती है। यहां बैठने की उचित व्यवस्था न होने के कारण दिव्यांग जमीन पर बैठे नजर आए।

अल्ट्रासाउंड जांच के लिए तारीख ले लाइए मगर पहले मत आइए

बरेली, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच कराना मरीजों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है। क्योंकि मरीज ज्यादा आ रहे हैं, मगर जांच के लिए मशीन एक ही है, ऐसे में मरीजों को जांच के लिए 10 से 15 दिन आगे की तारीखें दी जा रही हैं। अब तो अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। जिस पर लिखा है कि जिस दिन की तारीख मिली है, उसी दिन आएं, अन्य दिवस पर आने पर अगली तारीख दी जाएगी। सोमवार को अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर बड़ी संख्या में मरीज इंतजार करती नजर आईं। स्टाफ के अनुसार यहां अल्ट्रासाउंड की एक मशीन है, लेकिन रोजाना जांच के लिए 60 से 70 मरीज आते हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों की भी जांच प्राथमिकता में करनी होती है। जिसके चलते जिन मरीजों को तत्काल जांच की आवश्यकता नहीं होती है, उन्हें जांच के लिए अगली तारीख दे दी जाती है। आलम ये है कि कई मरीजों को अगले 15 दिन बाद की तारीख दे दी गई है।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से टूटा पोल, बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता बरेली

अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बिजली का पोल टूट जाने से वनखंडीनाथ फीडर समेत कई इलाकों में तीन घंटे तक बिजली का संकट बना रहा। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

सोमवार शाम 4 बजे वनखंडी नाथ फीडर पर सम्राट अशोक नगर गली नंबर 12 के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने बिजली के पोल में टक्कर मार दी जिससे पोल टूट गया और पूरे क्षेत्र में शाम 6 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा डीएम कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर सोमवार को शटडाउन होने से कई घंटे तक बिजली का संकट बना रहा।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ पोल। ● अमृत विचार

● वनखंडी नाथ फीडर समेत अन्य इलाके हुए प्रभावित

जगतपुर सब स्टेशन के पशुपति विहार कॉलोनी में सोमवार शाम कम वोल्टेज आने की समस्या रही।

सनसिटी सब स्टेशन के पीलीभीत बाईपास पर ट्रांसफार्मर से दो फ्यूज उड़ जाने के चलते क्षेत्र में बिजली का संकट रहा। सिविल लाइंस तृतीय सब स्टेशन के कटरा चांद आदि क्षेत्र में फेस नहीं आने की समस्या रही। महानगर सबस्टेशन से जुड़े कई इलाकों में वोल्टेज कम और अधिक होने से उपभोक्ता परेशान हुई जिसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने हेल्प डेस्क पर दर्ज कराई। कुतुबखाना, मिशन, किला, सुभाष नगर शाहदना आदि क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। कालीबाड़ी क्षेत्र में फाल्ट होने के चलते शाम 5 से 6 बजे तक समस्या रही।

बिजली विभाग : स्मार्ट मीटर हो गया है प्रीपेड तो एप डाउनलोड कर करें रिचार्ज

बरेली, अमृत विचार : शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्मार्ट मीटर प्रीपेड कर दिए गए हैं। इसकी वजह से उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने में दिक्कत हो रही है। उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए बिजली विभाग की ओर से प्रीपेड मीटर का एप डाउनलोड करने और रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी दी गई है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम मेसर्स इंटली स्मार्ट कंपनी की ओर से किया जा रहा है। मीटर लगाने में किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। लगभग 35000 स्मार्ट मीटर प्रीपेड हो गए हैं। अधिकारियों के संज्ञान में आया है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड में बदले हैं उन्हें रिचार्ज करने में दिक्कत हो रही है। विभाग की तरफ से प्रीपेड मीटर में रिचार्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। उपभोक्ता अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और उसके बाद प्रक्रिया के तहत रिचार्ज कर सकते हैं।

37 अवैध कब्जेदारों को अंतरिम नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● डेलापीर तालाब और कोहाड़ापीर इलाके में निगम की जमीन पर बने भवनों के स्वामियों को जारी किए नोटिस

अमृत विचार : शहर में एक महीने हुए बवाल के बाद से नगर निगम सरकारी भूमि पर बने अवैध कब्जों को मुक्त कराने को लेकर प्रयासरत है। निगम ने 37 अवैध कब्जेदारों को पहले आवास खाली करने को नोटिस जारी किया है। अब इन कब्जेदारों को अंतरिम नोटिस जारी कर तय समय सीमा में आवासों को खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। इसके बाद नगर निगम आगे की कार्रवाई करेगा।

निगम अधिकारियों के अनुसार कोहाड़ापीर इलाके में सरकारी स्कूल की जमीन पर कई साल से 25 आवास बनाकर लोग निवास कर रहे हैं। इसके साथ ही डेलापीर तालाब की भूमि पर भी 12 अवैध आवास लंबे समय से बने हुए हैं। 15 दिन पहले नगर निगम की टीम ने भवन स्वामियों को आवास खाली करने की हिदायत के साथ ही आवासों पर नोटिस चस्पा कर दिए थे।

डेलापीर तालाब पर बने इन घरों पर चस्पा किए गए हैं नोटिस।

डेलापीर और कोहाड़ापीर इलाके में पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण को लेकर अंतरिम नोटिस की प्रक्रिया अमल में लाई गई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- राजीव कुमार राठी, एक्सईएन

शासन तक गुहार लेकिन खाली हाथ

नोटिस चस्पा होने के बाद इन आवासों में रहने वाले लोग परेशान हैं। कई बार निगम अधिकारियों से कार्रवाई न करने की गुहार लगाने से बात नहीं बनी तो कई लोगों ने शासन तक का दरवाजा खटखटाया लेकिन बात नहीं बनी। इस पर तीन से चार परिवारों ने आवासों को खाली भी कर दिया है। अन्य भी आवास खाली करने की तैयारी में लग गए हैं।

दिन भर छाए रहे बादल, शाम को बूंदाबांदी से लुढ़का पारा

बरेली, अमृत विचार: मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण सोमवार को जिले के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिन भर बादल छाए रहने और शाम को बूंदाबांदी से ठंड बढ़ गई। प्रदेश में जिला सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो पिछले दिन के सापेक्ष करीब छह डिग्री लुढ़क गया। वहीं न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

हवा में नमी का स्तर भी सामान्य से अधिक पाया गया। सुबह के समय हवा में नमी 62 प्रतिशत और शाम को 78 प्रतिशत दर्ज की गई। नमी की

● प्रदेश में सबसे ठंडा रहा बरेली अधिकतम तापमान 24.9 और न्यूनतम 16.1 डिग्री हुआ रिकॉर्ड

इस अधिकता के कारण वातावरण में हल्की धुंध और ठंडक बनी रही।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सात दिनों तक मौसम में इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह तक जिले में हल्की बूंदाबांदी के साथ आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।

पहल

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह कल करेंगे झील के किनारे चलाई जाने वाली पांच डिब्बों की फेमिली ट्रेन का शुभारंभ

पर्यटक लीलौर झील की सुंदरता का आनंद लेने को रहें तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली की महाभारत काल से जुड़ी रामनगर स्थित लीलौर झील में खूबसूरत फैमिली ट्रेन में सफर करने का इंतजार कर रहे पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह बुधवार को झील किनारे चलाई जाने वाली ट्रेन और उसके ट्रैक का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पर्यटक विश्राम गृह, मंडपम और ट्रेन स्टेशन यार्ड का भी शिलान्यास किया जाएगा।

व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय कुमार शर्मा का कहना है कि ट्रेन का शुभारंभ होते ही पर्यटक लीलौर झील की सुंदरता का आनंद लेते हुए फेमिली ट्रेन में सवार होकर इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण कर सकेंगे।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के प्रयासों से शासन ने इस झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का फैसला लिया था। झील के सौंदर्यीकरण के कार्य की निगरानी खुद डीएम अविनाश सिंह कर रहे हैं। झील में हर समय भरपूर निर्मल जल के लिए पंप लगाए गए हैं। इसी साल 15 अगस्त को पशुधन मंत्री एवं डीएम ने झील में नौका विहार का शुभारंभ किया था। झील के किनारे बंबू हट बनाए हैं जहां पर्यटक ठहर सकेंगे। मंत्री धर्मपाल सिंह पांच डिब्बों वाली फेमिली ट्रेन का 29 अक्टूबर का करेंगे। इस ट्रेन में तीन डिब्बों में छह सवारियां और दो डिब्बों में आठ सवारियां सफर का आनंद ले सकेंगी। डीएम अविनाश सिंह का कहना है कि दिल्ली से मात्र चार घंटे की दूरी और नैनीताल के नजदीक होने के कारण यह स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनेगा। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। यहां चिल्ड्रन पार्क और ओपन जिम भी बनाए जाएंगे। यहां पर्यटकों के ठहरने के लिए दो कमरों का गेस्ट हाउस, मंडपम समेत कई मूलभूत सुविधाएं होंगी।

पर्यटकों के लिए तैयार फैमली ट्रेन। ● अमृत विचार

पुणे से मंगाई गईं स्पीड बोट्स का उठा सकेंगे आनंद

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लीलौर झील में चार बोट्स की व्यवस्था रहेगी। इनमें दो स्पीड बोट पुणे से मंगाई गई हैं। साथ ही, दो पैडल बोट्स भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगी। अधिकारियों का कहना है कि इन बोट्स के आने से पर्यटकों को झील का आनंद लेने का नया अवसर मिलेगा। यही नहीं, स्पीड बोट का संचालन शुरू होने से झील के किनारे पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

एक दिन टला उद्घाटन कार्यक्रम

लीलौर झील के किनारे चलने वाली फेमिली ट्रेन का उद्घाटन कार्यक्रम एक दिन टल गया है। पहले उद्घाटन का कार्यक्रम 28 अक्टूबर को था, लेकिन कैबिनेट की बैठक में मंत्री धर्मपाल सिंह के शामिल होने की वजह से कार्यक्रम टल गया। अब फेमिली ट्रेन का उद्घाटन बुधवार को होगा।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

पत्नी के भागने पर जहरीला पदार्थ खाने वाले अधिवक्ता की मौत

शादी के आठ साल बाद दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग भागी है महिला, अधिवक्ता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कैंट क्षेत्र के गांव चनेहटी के रहने वाले अधिवक्ता कमल कुमार सागर की पत्नी कोमल दो बच्चों को छोड़ कर प्रेमी के साथ फरार हो गईं। इससे आहत होकर उन्होंने जहरीला पदार्थ निगल लिया। कमल कुमार ने सोमवार की तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिवक्ता के पिता ने प्रेमी समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव चनेहटी निवासी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि बेटा कमल कुमार सागर बरेली की कचहरी में वकालत करता था। उसकी शादी मिलक नवदिया रामपुर निवासी कोमल से 2017 में हुई थी, जिससे दो बेटे दिव्यांश व शिवांश हैं। आरोप है कि उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन खराब था। उसका ग्राम माजरा झिनझाना शामली मुजफ्फरनगर निवासी अमर कुमार के साथ अवैध संबंध था। साथ ही वह पूरे परिवार को लगातार झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी, जिससे उसका बेटा लंबे समय से प्रताड़ित था। इतना ही नहीं उसका प्रेमी अमर कुमार, कोमल की मौसी सीमा और उसकी बेटी श्वेता भी इसमें शामिल थी। इन सब ने मिलकर कमल कुमार को इस कदर परेशान किया कि रविवार को कमल ने जहरीला पदार्थ का लिया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। आत्महत्या करने के पहले उसने एक सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उसने इन चारों को अपने मौत का जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों ने सोमवार देर शाम अंतिम संस्कार करने के बाद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कमल कुमार सागर।

इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, फिर बढ़ीं नजदीकियां

कमल ने अपने सुसाइड नोट में खुलासा किया कि उसकी पत्नी की दोस्ती युवक से इंस्टाग्राम पर हुई थी। धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और तीन महीने पहले पत्नी मायके जाने के बहाने उसके साथ फरार हो गई। कमल के पिता राजेंद्र सागर ने बताया कि बहू पिछले छह महीने से प्रेमी से बात कर रही थी। तीन दिन पहले उसका फोन आया और उसने कहा मुझे तलाक चाहिए। एक प्लॉट बेचकर उसका रुपया दो और वह बच्चों को भी ले जाएगी।

बुआ अब मैं समाज में क्या मुंह दिखाऊंगा

कमल की बुआ ऊषा देवी ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से बहुत परेशान था। उसने कहा था, बुआ अब मैं समाज को क्या मुंह दिखाऊंगा। इससे अच्छा तो मर जाना ही बेहतर है। परिवार के मुताबिक पत्नी पहले भी एक बार घर छोड़कर भाग चुकी थी, लेकिन 15 दिन बाद वापस लौट आई थी। सुसाइड नोट में लिखा है की पत्नी अपने दो मासूम बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई है। वह तीन महीने से उसी के साथ रह रही है। अब मैं ये सब सहन नहीं कर पा रहा हूं, इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। कमल ने आगे लिखा मेरी मौत के बाद मेरे बच्चों को उनकी मां के पास किसी भी कीमत पर मत देना। अगर ऐसा हुआ तो उनके साथ भी अनहोनी हो सकती है। सुसाइड नोट के साथ उसने पत्नी और उसके प्रेमी के फोटो और सोशल मीडिया चैट के स्क्रीनशॉट भी छोड़े हैं। उधर, कोमल के पिता ने बताया कि जब उन्हें दामाद के जहर खाने की जानकारी मिली तो वह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जब अपनी बेटी को समझाने की कोशिश की, तो उसने उन्हें भी गालियां दीं।

कर्ज के तकादे से परेशान युवक ने दी जान

- जुए की लत की वजह से लिया था कर्ज, दो दिन पहले दिल्ली से आया था घर

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने जुए के तकादे से परेशान होकर फंदा लगाकर जान दे दी। युवक ने जुआ खेलने के लिए कर्ज लिया था। वह घर छोड़कर दिल्ली चला गया था और दो दिन पहले ही वापस आया था। परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। करगैना गौटिया निवासी विजय (24) सब्जी बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसे कुछ समय पहले जुआ खेलने की लत लगी। जुआ खेलने में वह मोटी रकम हार गया। लोग उससे लगातार रुपयों की मांग करते थे। इससे परेशान होकर एक साल पहले वह दिल्ली चला गया। वह दो दिन पहले लौटकर घर आया। जैसे ही बकायादारों को जानकारी हुई तो तुरंत उसके घर पहुंच गए और रुपयों की मांग करने लगे। जिससे परेशान होकर उसने रविवार की रात शिव मंगलम कॉलोनी के खंडहर मकान में फंदे लगा कर आत्महत्या कर ली। परिवार का आरोप है कि लगातार उसे धमकियों मिल रही थीं। भाई विनोद साहू ने बताया कि विजय ने पड़ोस के कुछ सूदखोरों से भी तीन लाख रुपये उधार लिया था। लगातार दबाव और धमकियों से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है। मामले की जांच की जा रही है।

मायके वालों के साथ मिलकर महिला जेवर-नकदी लेकर गई

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र में महिला ने मायके वालों के साथ मिलकर पति और ससुराल वालों के साथ मारपीट की और जबरन नकदी और जेवर लेकर चली गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला गणेश नगर निवासी युवक ने बताया कि उसकी शादी 4 दिसंबर 2024 को फरीदपुर निवासी महिला से हुई थी। आरोप है कि शादी से पहले उसकी पत्नी का एक युवक से अवैध संबंध था। 25 अक्टूबर की रात 12 बजे पत्नी के मायके वालों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। सभी ने घर में रखे हुए सोने-चांदी के जेवर और ढाई लाख रुपये नकदी एक बैग में भर लिए। जब पुलिस पहुंची तो सभी लोग गली में हंगामा करते रहे। उसने फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मरवाने की भी आशंका जताई है।

बुजुर्ग महिला का घर के पास मिला शव, बीमारी से मौत

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में घर में अकेली सो रही 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्राणी देवी का शव चारपाई से कुछ दूर नल के पास जमीन पर पड़ा मिला। उनके मुंह से खून निकला हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है।

गांव हमीरपुर निवासी प्राणी देवी मूल रूप से बिल्लौर, आंवला की रहने वाली थीं। वह 25 साल पहले अपने मायके में घर बनाकर रहने लगी थीं। उनके पति सोहन लाल की कई साल पहले मौत हो गई थी। सोमवार सुबह करीब सात बजे जब उनके भतीजे प्रेमपाल की पत्नी गीता देवी झाड़ू लगाने पहुंची तो प्राणी देवी का शव नल के पास जमीन पर पड़ा मिला। गीता देवी ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उधर पड़ोसियों से चल रही मुकद्दमेबाजी में हत्या का शोर मचा तो एसपी सिटी मानुष पारिक, सीओ द्वितीय सोनाली मिश्रा, फॉरेंसिक टीम के साथ ही इंस्पेक्टर सीबीगंज सुरेन्द्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस के मुताबिक प्राणी देवी के दो भतीजे प्रेमपाल, भोजराज हैं। उनका पड़ोसी बुद्धि सागर से पिछले वर्ष विवाद हुआ था। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेफड़े से संबंधित बीमारी के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है।

जांच करते एसपी सिटी मानुष पारीक।

युवक की हत्या में दो की जमानत अर्जियां खारिज

विधि संवाददाता, बरेली: बहेड़ी में लूट कर युवक की हत्या करने के मामले में स्पेशल जज एफटीसी कोर्ट राघवेन्द्र मणि ने दो आरोपियों थाना के शीशगढ़ ग्राम सियाठेरी निवासी देवेन्द्र उर्फ देवा व जितेन्द्र उर्फ लुक्का डॉन की जमानत अर्जियां खारिज कर दी।

सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के पुत्र अनस ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि 21 जुलाई 2024 को घर से सुबह में मेरे पिता सज्जाद अहमद खेत पर गये थे और रात में वापस नहीं आये। अगले दिन 22 जुलाई को पिता की लाश सिकरी के पास सड़क किनारे मिली, जिनके सिर में पीछे की तरफ चोट थी और सिर से खून बह रहा था। अज्ञात व्यक्तियों ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में जितेंद्र उर्फ लुक्का, दीपक, रितिक व देवेन्द्र उर्फ देवा का नाम प्रकाश में आया था।

छुट्टियों के बाद खुला बरेली कॉलेज

दिवाली की नौ दिन की छुट्टियों के बाद जब बरेली कॉलेज खुला तो भारी संख्या में छात्र उमड़ पड़े। परीक्षा फार्म, छात्रवृत्ति फार्म जमा करने के लिए काउंटरों पर लंबी लाइनें लगीं, इसकी वजह से छात्रों को परेशानी हुई। छठ पूजा की वजह से मंगलवार को फिर छुट्टी है। ऐसे में अब बुधवार से भीड़ और बढ़ेगी। ● अमृत विचार

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

मौलाना तौकीर रजा खां की पेशी आज

बवाल प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 26 सितंबर को पुलिस पर पथराव कर की गई थी फायरिंग
- बवाल कराने वाले मास्टर माइंड तौकीर फतेहगढ़ जेल में हैं बंद

अमृत विचार : पुलिस पर पथराव कर फायरिंग कराने के मास्टर माइंड आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की 28 अक्टूबर को कोर्ट में पेशी है। चर्चा है कि उनकी पेशी पिछली बार की तरह इस बार भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कराई जाएगी। मौजूदा समय में तौकीर रजा फतेहपुर की जेल में बंद हैं।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर 26 सितंबर को नमाज के बाद आई लव मुहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग करते हुए दुकानों में तोड़-फोड़ की थी। शहर में बवाल कराने के लिए गैर जनपद से गैंगस्टर तक बुलाए गए थे। साथ ही पश्चिम बंगाल और बिहार से लोगों को बुलाया गया था। इतना ही नहीं एसपी सिटी मानुष पारीक के गनर का एंटी रायट गन छीनते हुए पुलिस का वायरलेस सेट भी उपद्रवियों ने लूट लिया था। बवाल के बाद कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, प्रेमनगर और कैंट थाने में एक-एक मुकदमा लिखा गया था। इन मामलों में मौलाना तौकीर रजा खां की 14 अक्टूबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेशी हुई थी। उनके खिलाफ न्यायालय ने छह साल पहले सीएए-एनआरसी के विवाद के दौरान प्रदर्शन करने और 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद शहर में बवाल कराने में दर्ज किए गए 10 मुकदमों में बी वारंट जारी किया है।

आईएमसी प्रमुख का बयान दर्ज करने के लिए फतेहगढ़ जेल गए कोतवाली के दो विवेचक

बवाल के मामले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा का बयान दर्ज करने कोतवाली के दो विवेचक फिर फतेहगढ़ जेल रवाना हो गए हैं। कुल 11 मुकदमों में मौलाना तौकीर के बयान दर्ज किए जाएंगे। कोतवाली में दर्ज सात मुकदमों समेत बारादरी व अन्य थानों के 11 मुकदमों में तौकीर रजा आरोपी हैं। अब लगातार विवेचक वहां उसके बयान दर्ज करने जा रहे हैं। बिहारीपुर चौकी क्षेत्र में हुए बवाल के संबंध में कोतवाली में दर्ज दो मुकदमों के विवेचक तौकीर रजा के बयान दर्ज करके लौटे हैं। रविवार को भी दो विवेचक फतेहगढ़ जेल रवाना हो गए। इनमें नौमहला मस्जिद के पास हुई झड़प की विवेचना कर रहे चौकी चौराहा चौकी प्रभारी नितिन राणा व कुमार टाकीज पर हुए बवाल की विवेचना कर रहे कोतवाली के एसएसआई संतोष सिंह शामिल हैं।

इंस्टाग्राम पर युवक ने की धार्मिक टिप्पणी, गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक समुदाय विशेष के युवक ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की। उसने धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शाहबाद निवासी अनस पठान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इसके स्क्रीनशॉट जब वायरल हुए तो माहौल गरमा गया। सोमवार को बजरंग दल के महानगर संयोजक केवड़ानंद गौर अपने साथियों के साथ थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अनस पठान को गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल में कई आपत्तिजनक वीडियो मिली हैं।

जो संसद व कोर्ट का सम्मान न करे, वह सत्ता का हकदार नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तेजस्वी यादव के बयान पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने दी प्रतिक्रिया
- कहा-तेजस्वी अपने बयान के जरिये सर्वोच्च संस्थाओं की तौहीन कर रहे हैं

अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो व्यक्ति कानून को फाड़ने की बात करता हो, उसकी नजर में संसद की एहमियत न हो, सुप्रीम कोर्ट की तौहीन करता हो वह व्यक्ति सत्ता पाने का हक नहीं रखता। तेजस्वी यादव ने बिहार की चुनावी सभा में कहा कि मेरी सरकार बनते ही, भारत सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ कानून को फाड़ देंगे, कानून के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे।

मौलाना ने आगे कहा की तेजस्वी यादव के दिमाग में अहंकार भरा हुआ है। अपने भाषण में उन्होंने वक्फ कानून का समर्थन करने वालों को देख लेने की धमकी भी दी है। मौलाना ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पहले लोकसभा फिर राज्यसभा में पास हुआ। इसके बाद इस कानून पर दो तीन बिंदुओं पर संशोधन करके सुप्रीम कोर्ट ने भी मोहर लगाई है। तेजस्वी यादव अपने बयान के जरिये इन सर्वोच्च संस्थाओं की तौहीन कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव उन लोगों का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर नाजायज़ कब्जा किए हुए हैं और उस जमीन से होने वाली आमदनी जो गरीब मुसलमानों पर खर्च होना चाहिए थी , वो उनकी पॉकेट में जा रही है। तेजस्वी यादव वक्फ की जमीनी हकीकत से नावाकिफ हैं, इसलिए शरीफ लोगों को धमकी दे रहे हैं और वक्फ भू-माफिया का समर्थन कर रहे हैं।

साइबर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएं : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईजी ने समीक्षा बैठक में रेंज के पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश
- पंचायत चुनाव में और सतर्कता बरतने को कहा

अमृत विचार : अपराध पर नकेल कसने और पंचायत चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को और दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने रेंज चारों जिलों के एसएसपी-एसपी के साथ बैठक की।

बैठक में डीआईजी ने कहा कि अपराधियों और माफिया पर लगातार कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने और गंभीर अपराधों में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी ने महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, पॉक्सो, हत्या, लूट, नकबजनी और वाहन चोरी जैसे मामलों की समीक्षा की और कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। इसके साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला हेल्पडेस्क और महिला बीट सिस्टम को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए। सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर डीआईजी ने ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने और इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में सही फीडिंग करने को कहा।

उन्होंने थानों में जब्त माल और वाहनों के निस्तारण, पुलिसकर्मियों की पेंशन और मृतक आश्रित सेवायोजन मामलों की स्थिति भी जानी। साइबर अपराधों पर डीआईजी ने चिंता जताते हुए हर थाने को इस पर सक्रिय रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगों पर कार्रवाई में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर सभी जिलों को सतर्क रहने, संवेदनशील स्थानों की पहचान करने और शांति बनाए रखने के लिए सख्त चौकसी बरतने के निर्देश दिए। बैठक में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के एसएसपी-एसपी शामिल रहे।

समीक्षा बैठक करते डीआईजी अजय कुमार साहनी। ● अमृत विचार

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

सरदार पटेल जयंती पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय अखंडता दिवस

बरेली, अमृत विचार : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय अखंडता दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुसार इस अवसर पर जिले के सभी परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों में महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और समाज सुधारकों के जीवन और योगदान से छात्रों को परिचित कराने के निर्देश दिए गए हैं। 31 अक्टूबर को विद्यालयों में सरदार पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश की एकता-अखंडता में उनके योगदान पर विशेष चर्चा, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला एवं अखंडता प्रतिज्ञा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही इसी दिन आचार्य नरेंद्र देव जयंती पर भी उनके विचारों एवं योगदान पर विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को आदेशित किया है कि उक्त दिवस पर निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें और निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज शहर में

बरेली, अमृत विचार : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार सुबह 8.31 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस से बरेली जंक्शन पहुंचेंगे। यहां से सर्किट हाउस जाएंगे। जहां वह भाजपा के तीनों अध्यक्षों में अधीर सक्सेना, सोमपाल शर्मा, आदेश प्रताप सिंह समेत जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। 10.30 बजे एकतानगर में राजेंद्र अग्रवाल के यहां जाने के बाद 11.15 बजे निशांत पटेल मेमोरियल स्टेडियम में स्व. कुंवर सुभाष पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष 12 बजे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित युवा सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। 1.45 बजे सर्किट हाउस आएंगे। 3.15 बजे जंक्शन पहुंचकर 3.27 बजे नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी से गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

बिजली अफसरों ने चारों जिलों की खराब की रैंकिंग, होगी कार्रवाई

मंडलायुक्त की समीक्षा में डीएम शाहजहांपुर ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड में रैंक खराब आने पर निलंबित करने को शासन को चिट्ठी लिखी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विकास भवन सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय बैठक
- शाहजहांपुर के समाज कल्याण अधिकारी को निलंबित करने की संस्तुति

विकास भवन के सभागार में मंडलीय बैठक करते मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी ने सोमवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में कम रैंक आने के कारणों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण रैंक खराब होने पर चारों जनपदों के अधीक्षण अभियंता को एमडी के माध्यम से जिम्मेदारों पर कार्रवाई कराने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। शाहजहांपुर में समाज कल्याण अधिकारी को निलंबित करने के लिए शासन को लिखा गया है।

मंडलायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना में निर्देश दिए कि जहां बिजली बिल ज्यादा आ रहा, उन घरों से संपर्क कर सोलर पैनल लगवाने का प्रयास करें। जहां बिल कम आ रहा है, वहां कारणों की जांच कराएं कि कहीं अवैध तरीके से तो बिजली का इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है। एनआरएलएम में बजट के अभाव में रैंक खराब हुई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में इंटरनेट प्रभावित होने से रैंक गिरी है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में शाहजहांपुर की रैंक डी आई है। इस पर डीएम शाहजहांपुर ने मंडलायुक्त को बताया कि समाज कल्याण अधिकारी के सस्पेंशन के लिए शासन को लिखा है। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण रैंक प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

पराली प्रबंधन की समीक्षा में अवगत कराया कि बरेली में 17, पीलीभीत में 54, बदायूं में 4 और शाहजहांपुर 62 यानि कुल 137 घटनाएं चिह्नित हुई हैं। जांच में बरेली में छह घटनाएं पराली जलाने की पाई गईं। मंडलायुक्त ने जिम्मेदारों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। धान खरीद का लक्ष्य 22,61,800 मीट्रिक टन है। अब तक 7,19,000 मीट्रिक टन धान खरीद हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को धान खरीद सेंटरों की प्रतिदिन की रिपोर्टिंग लेने के निर्देश दिये। टीवी मुक्त भारत अभियान में बरेली में 68465 लोगों का माइक्रोस्कोपी टेस्ट परीक्षण हुआ। बरेली में 43 प्रतिशत मरीज अडाप्ट कर लिए गए हैं। जनपद पीलीभीत और बदायूं अडाप्शन कार्य में पीछे हैं। नेत्र ज्योति अभियान की समीक्षा में पाया कि पीलीभीत में अभी तक बच्चों के चश्मे का वितरण शुरू नहीं हुआ है। मंडलायुक्त ने एम्बुलेंस 108 और 102 की कुल नंबर ऑफ ट्रिप की संख्या मंगवाने और उसकी जांच कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल की समीक्षा में जानकारी दी गयी कि प्राइमरी से कक्षा 12 तक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्कूल बनाए जाने हैं। बरेली में भोजीपुरा, आलमपुर जाफराबाद का चयन हुआ है, शाहजहांपुर के निगोही में विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। मंडल में 632 गोआश्रय स्थल हैं, जिसमें 1,02,217 पशु संरक्षित हैं। मंडलायुक्त ने पूछा, पिछले माह के सापेक्ष संरक्षित गोवंश बढ़े हैं या नहीं। इस पर बताया गया कि गोवंशों की संख्या बढ़ी है। शाहजहांपुर में दो आश्रय स्थल बढ़े हैं और बरेली में इस वर्ष के अंत तक तीन गोआश्रय स्थल बनकर तैयार हो जाएंगे। बैठक में डीएम अविनाश सिंह, डीएम पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिलों के सभी सीडीओ, सीएमओ और मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जहां पर मार्केट रेट में ज्यादा अंतर, वहां के सर्किल रेट बढ़ाएं : मंडलायुक्त

बरेली, अमृत विचार : मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी ने विकास भवन में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में चारों जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर मार्केट रेट और सर्किल रेट में ज्यादा अंतर है, वहां के सर्किल रेट बढ़ाएं। मंडलायुक्त ने स्टांप एंड रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत वसूली बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में परिवहन विभाग ने जानकारी दी कि बदायूं को छोड़कर कहीं भी एआरटीओ प्रवर्तन तैनात नहीं हैं और चार्ज देकर कार्य कराया जा रहा है। इस पर प्रवर्तन कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आईजीआरएस की समीक्षा में पाया कि चार संदर्भ सी श्रेणी में होने के कारण मंडल की रैंक 6वें स्थान पर आई। पांच साल पुराने राजस्व वादों की समीक्षा में पाया कि पिछले माह 23175 वाद निस्तारित हुए और अब मात्र 430 केस लंबित हैं। उन्होंने वाद निस्तारण के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने आरसी वसूली, आबकारी, परिवहन, स्टाम्प एंड रजिस्ट्रेशन, नगर निकायों की वसूली आदि की समीक्षा की। बैठक में डीएम अविनाश सिंह, डीएम पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और सभी जिलों के एडीएम और अन्य मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने एलायंस बिल्डर के घर और प्रतिष्ठानों की सील खुलवाई

बरेली, अमृत विचार: हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एलायंस बिल्डर की गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई संपत्तियों की सोमवार को सील खुलवा दी गई। डीएम अविनाश सिंह की कोर्ट ने 24 अक्टूबर को बिल्डर अरविंदर सिंह और रमनदीप सिंह की संपत्तियों की कुर्की समाप्त करने का आदेश जारी किया था।

- हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में डीएम ने संपत्तियों की कुर्की समाप्त करने का आदेश जारी किया

जनकपुरी निवासी अरविंदर सिंह (एलायंस बिल्डर) और मॉडल टाउन निवासी रमनदीप सिंह के विरुद्ध थाना इज्जतनगर में गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज हुआ था। मामले में पुलिस ने 3 फरवरी 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। 31 मार्च 2023 को विशेष न्यायाधीश, गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने कुर्की की प्रक्रिया शुरू कराई थी। 29 अप्रैल 2023 को जिलाधिकारी न्यायालय ने दोनों की संपत्तियों को कुर्क कर सील करने का आदेश दिया था। इस मामले को लेकर अरविंदर सिंह और रमनदीप सिंह ने हाईकोर्ट इलाहाबाद में एप्लीकेशन दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने 3 सितंबर 2025 को दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को निरस्त करते हुए साफ कहा कि अब जब मुकदमा समाप्त हो चुका है तो संपत्तियों की कुर्की भी निरस्त की जाए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। राहत नहीं मिलने पर अरविंदर सिंह ने दोबारा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में डीएम ने 24 अक्टूबर को सभी कुर्क संपत्तियों को तत्काल मुक्त करने का आदेश जारी किया था। वहीं, सोमवार सुबह राजस्व टीम और पुलिस ने जनकपुरी और मॉडल टाउन स्थित संपत्तियों पर पहुंचकर सील हटा दी। इस दौरान एलायंस बिल्डर परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

डीएम और एसएसपी ने चौबारी मेले की तैयारियों का जायजा लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने सोमवार को रामगंगा घाट पर छठ पूजा व कार्तिक पूर्णिमा चौबारी मेले की तैयारियों का जायजा लिया। दोनों अफसरों ने घाटों की सफाई, सुरक्षा, ट्रैफिक, पथ प्रकाश व स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग और विद्युत विभाग के अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि घाटों की सफाई, रोशनी और पीने के पानी की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए।

एसएसपी ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पर फोकस किया। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए खास प्लान तैयार किया गया है।

उन्होंने थानेवार पुलिस अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन और रूट डायवर्जन की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एडीएम (ई), एसडीएम सदर, एसडीएम आंवला, सीओ सिटी आशुतोष शिवम, सीओ आंवला, सीएफओ सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चौबारी मेले की तैयारियों का जायजा लेते डीएम-एसएसपी। ● अमृत विचार

- अफसर बोले, श्रद्धालुओं की सुविधा में न हो किसी तरह की कमी

जिले में आलू और शाकभाजी की खेती का बढ़ेगा दायरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस साल एक हजार हेक्टेयर बढ़ाया जाएगा आलू का क्षेत्रफल

अमृत विचार: जिले में आलू और शाकभाजी की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग ने कमर कस ली है। इस बार आलू की खेती का क्षेत्रफल एक हजार हेक्टेयर बढ़ाने का लक्ष्य है, जिससे क्षेत्रफल आठ हजार से बढ़कर नौ हजार हेक्टेयर हो जाएगा। इसके अलावा प्याज और लहसुन की खेती का क्षेत्रफल भी चार-चार हेक्टेयर बढ़ाया जाएगा, जबकि शाकभाजी की खेती का क्षेत्रफल 100 हेक्टेयर बढ़ेगा।

उद्यान विभाग किसानों को आलू और शाकभाजी की खेती के लिए प्रोत्साहित करेगा और उन्हें प्रशिक्षण देगा। इससे जहां किसानों की आय में वृद्धि होगी और वह खेती को और भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। इस साल सरकार की ओर से 100 क्विंटल आलू का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिले की जलवायु और मिट्टी आलू की खेती के लिए उपयुक्त है। आलू की फसल 80 से 100 दिनों में तैयार हो जाती है। इससे जमीन की उर्वरक शक्ति बढ़ती है। उप कृषि निदेशक अमरपाल ने बताया कि जिला गन्ना बाहुल्य है और यहां अन्य फसल का क्षेत्रफल कम है। इसलिए गन्ने के साथ सहफसली खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गन्ने के साथ आलू, सरसों, चना, मटर आदि की खेती अच्छी होगी।

राशन का घोटाला करने पर दो महीने में 10 दुकानें निलंबित

बरेली, अमृत विचार: तमाम पारदर्शिता के बाद भी सरकारी राशन की घटतौली रुकने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दो माह में राशन की कालाबाजारी के मामले में 10 दुकानों को निलंबित किया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में 14 राशन की दुकान खाली चल रही हैं जिन पर नए कोटेदारों की तैनाती को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सरकार की तरफ से गरीबों को हर माह निशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है, लेकिन घोटाले वाले कोटेदार गरीबों का राशन डकार रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पिछले दो माह में कार्यालय में 10 कोटेदारों की शिकायत आई जिसमें कहा गया कि कोटेदार गरीबों का राशन हड़प कर कालाबाजारी कर रहे हैं। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने दुकान पर जाकर राशन का स्टॉक चेक किया जिसमें कोटेदारों का घोटाले सामने आए। पिछले दो माह में शहरी क्षेत्र में 10 राशन की दुकान की लाइसेंस निलंबित किया जा चुके हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में चार अन्य दुकानें भी रिक्त चल रही हैं। ऐसे में शहरी क्षेत्र में कुल 14 दुकानें जो रिक्त चल रही हैं। उन पर नए आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

- शहरी क्षेत्र में खाली चल रहीं 14 दुकानों का जल्द किया जाएगा आवंटन

दीक्षांत समारोह को लेकर आज बैठक

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। जल्द ही नई तिथि फाइनल हो जाएगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने तैयारियों के संबंध में मंगलवार को सभी समितियों की दोपहर 12 बजे बैठक बुलाई है।

बैठक में संभावित तिथि की भी जानकारी मिल सकती है। कुलपति बैठक में सभी समितियों के समन्वयकों से अब तक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। तैयारियों में कोई कमी होगी तो उस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी कर सकते हैं। इस बार समारोह में 92 से अधिक विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। अभी टॉपर्स लिस्ट फाइनल होनी है। इस बार नए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को भी पदक देने की तैयारी है।

निधि आपके निकट : पीएफ संबंधी समस्याओं का समाधान किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निधि आपके निकट 2.0 के तहत सोमवार को जनसंपर्क कार्यक्रम सीबीगंज स्थित सुपीरियर इंडस्ट्रीज परिसर में हुआ। नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने पीएफ से जुड़ीं समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि निधि आपके निकट कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय के अधीनस्थ मुरादाबाद सभी आठ जिलों में एक साथ आयोजित किया गया। जिसमें डिजिटल जीवन प्रमाणन, यूएन एक्टिवेशन, बैंक खाता सीडिंग, पेंशन, ई-नामांकन, आधार प्रमाणीकरण, मोबाइल अपडेट, क्लेम ट्रैकिंग सहित कई सेवाओं पर ऑन-द-स्पॉट सहायता प्रदान की गई। सौरभ मिश्रा ने पीएमवीबीआरवाई के बारे में जानकारी दी। शिव कुमार व विजय कुमार ने बताया कि योजना के तहत सरकार नए नियुक्त कर्मचारियों का ईपीएफ अंशदान वहन करेगी, जिससे नियोक्ताओं को बिना वित्तीय दबाव के रोजगार सृजन करने में सहयोग मिलेगा। नोडल अधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठानों से पात्र कर्मचारियों का भविष्य निधि अंशदान समय से जमा कराने, ई-नॉमिनेशन करवाने की अपील की।

पीएमवीबीआरवाई की बुकलेट के साथ अंशधारक व ईपीएफओ के नोडल अधिकारी।

शासन के आदेश पर भी जेई को नहीं किया रिलीव

बरेली, अमृत विचार : शासन के आदेश के बाद भी नगर निगम के जल कल विभाग में तैनात जेई को रिलीव नहीं किया गया। अब मामला शासन तक पहुंचने के बाद अफसरों में खलबली मच गई है। शासन ने जुलाई में संबंधित जेई की पदोन्नति कर अन्य जनपद में तैनाती दी थी।

नगर निगम बोर्ड ने जलकल विभाग के सहायक अभियंता को रोकने का प्रस्ताव पास करके शासन को भेजा था, जिसे शासन ने खारिज कर दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच और मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

इस संबंध में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से आदेश मिले हैं। सहायक अभियंता अजीत कुमार के स्थान पर अन्य सहायक अभियंता ने कार्यभार नहीं लिया है। शासन के आदेश का पालन कराया जा रहा है।

बुलडोजर की कार्रवाई सबसे बड़ा अन्याय : भाटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

सपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी।

- सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले - इतना जुर्म विदेशी आक्रमणकारियों ने भी नहीं किया था
- मेरठ की बुलडोजर कार्रवाई पर बरसे, योगी सरकार के एनकाउंटर पर उठाए सवाल

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने सोमवार को सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और बुलडोजर की कार्रवाई भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा अन्याय है। इतना जुर्म न विदेशी आक्रमणकारियों ने और न ही अंग्रेजों ने किया था।

भाटी ने मेरठ के व्यापारियों पर निशाना साधते हुए कहा जब दलितों और मुसलमानों के घर गिराए जा रहे थे, तब ये व्यापारी ताली बजा रहे थे। आज जब उनकी दुकानें टूटी तो वह रो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुलडोजर में न दिमाग होता है और न ही आंखें। उसे कोई आदमी चलाता है और वह उसका स्टेयरिंग कहीं भी मोड़ सकता है, इसलिए अन्याय का विरोध हर नागरिक को करना चाहिए, चाहे अन्याय किसी के साथ भी हो रहा हो।

भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब भाजपा बिहार चुनाव में बुर्के की बात करती है तो इनकी नीयत पता चल जाती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को सभी मतदाताओं के फोटो पोर्टल पर डालने चाहिए, लेकिन भाजपा इसके खिलाफ है। जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी, रविन्द्र सिंह यादव, मुस्ताक अहमद, मनोहर पटेल, सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, दीपक शर्मा, राजेश अग्रवाल, गजेंद्र कुर्मी, भारती चौहान, द्रोण कश्यप, बृजेश श्रीवास्त, सुभाष चंद्र गुर्जर मौजूद रहे।

प्रदेश में सपा सरकार बनी तो आयोग बनाकर हर एनकाउंटर की कराई जाएगी जांच

एनकाउंटर पर कहा कि पिछले दिनों योगी सरकार ने एनकाउंटर के आंकड़े जारी किए थे उसे देखें तो यहां हर दिन औसतन तीन एनकाउंटर हो रहे हैं। इसका मतलब यह हुआ कि रोजाना तीन बदमाश पुलिस पर फायरिंग कर रहे हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि यूपी में पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। कहा कि हमारी सरकार आने पर एक आयोग बनाया जाएगा और सारे एनकाउंटर की जांच होगी।

सीएम के बयान मैं डेंटिंग-पेंटिंग कर दूंगा को बताया शर्मनाक

बरेली की घटना से जुड़े सवाल पर भाटी ने कहा कि जिन लोगों ने पत्थर फेंके, हम उनका समर्थन नहीं करते हैं। आंदोलन में हिंसा नहीं करनी चाहिए। पुलिस भी हमारी ही है, लेकिन मुख्यमंत्री ने जो भाषा बोली है, वह शर्मनाक है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मैं डेंटिंग-पेंटिंग कर दूंगा। यह किसी सभ्य लोकतंत्र में सभ्य नेता की भाषा नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री उस दिन क्यों नहीं बोले, जब आगरा में एक निर्वाचित सांसद के घर पथराव हो रहा था।

उत्तराखंड स्थापना दिवस समारोह में आएंगे गायक अजय-दीवान

बरेली, अमृत विचार : पर्वतीय समाज (रजिस्टर्ड) की सोमवार को कुमाँचल नगर स्थित भोलेनाथ मंदिर परिसर में बैठक हुई, जिसमें 9 नवंबर को आयोजित होने वाले उत्तराखंड स्थापना दिवस समारोह पर चर्चा की गई। महासचिव डा. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायक जोड़ी अजय-दीवान ने कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दे दी है। बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय चयनित कलाकार भी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अध्यक्षता देवेन्द्र सिंह दियोलिया ने की। तारा जोशी, भुवन चंद पाण्डे, रमेश शर्मा, पूरन दानू, मदन सिंह बिष्ट, चंद्र प्रकाश जोशी, जगदीश बिष्ट, कुंवर सिंह बिष्ट, संजय नेगी, विनोद तिवारी, प्रमोद पंत, सोमा परिहार, अतुल डालाकोटी, अशोक उप्रेती, आनंद मेहता, शुभाशीष जोशी, प्रभात गैरोला, गिरीश चंद्र पाण्डे, पूरन चंद्र जोशी आदि उपस्थित रहे।

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी

M.B.B.S., M.S.

• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मिलने का समय

(सोमवार से शनिवार)

सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक

शाम : 8 बजे से 9 बजे तक

नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री

सुविधायें

• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)

• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन

• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)

• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन

• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली

(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)

सम्पर्क करें

94566 58250, 70785 69786

शहर में आज

- निशांत पटेल मेमोरियल स्टेडियम में कुंवर सुभाष पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम 11 बजे से।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में भाजयुमो की ओर से युवा सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोपहर 12 बजे।
- निर्माण नगर, डेंटल कॉलेज रोड पर श्री मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा शाम 4 बजे से।
- श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कटरा मानराय में चतुर्थ भव्य राम कथा सुबह 9 बजे और दोपहर 3 :30 बजे से।
- सनातन मंदिर मॉडल टाउन में कार्तिक महोत्सव शाम 7 बजे।



रामगंगा घाट, शिव-पार्वती मंदिर समेत कई स्थानों पर व्रती महिलाओं ने सामूहिक रूप से छठी मईया की पूजा की। इस दौरान श्रद्धा का ज्वार, उत्साह और उमंग का संगम देखने को मिला। ● अमृत विचार

छठ पूजा : अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

घाटों पर पूजन कर व्रती महिलाओं ने संतान की रक्षा, लंबी उम्र व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : छठ पूजा महापर्व के तीसरे दिन सोमवार की शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों ने संतान की रक्षा, दीर्घ आयु और घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद हवन-पूजन होगा। पारण कर व्रती व्रत तोड़ेंगे।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के श्री शिव शक्ति पीठ मंदिर में छठ पूजा के लिए घाट बनाए गए थे। समूह में महिलाएं च ही बांस की बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., केलवा के पात पर उगले सूरज देव..., ए हो दीनानाथ... समेत अन्य कई पारंपरिक गीत गाते हुए घाटों पर पहुंचने लगीं।

अपराह्न तीन बजे से ही श्रद्धालुओं ने टोकरी छाज और छबड़ों में (इन्हें दउरा भी कहते हैं, जो बांस के बने होते हैं) ठेकुआ, चावल, फल, गोला, नारियाल, अननास, सेब, गन्ना, नीबू, कंदमूल फल, हल्दी, केले, पकवान आदि सामान लेकर घाट पर पहुंचना शुरू कर दिया। व्रतियों ने नदी में खड़े होकर छठी मईया और सूर्यदेव की आराधना की। सूर्यास्त आरंभ होते ही श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सराबोर होकर अर्घ्य देना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने देवरनियां नदी, इज्जतनगर रेलवे कॉलोनी, रामगंगा घाट, नकटिया और रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बने घाटों पर छठ पूजा की।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित शिव-पार्वती मंदिर में अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा करतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

छठ पूजा के तीसरे दिन रामगंगा घाट पर आस्था का सैलब नजर आया। व्रती महिलाओं ने घाट किनारे विधि-विधान से पूजन किया। ● अमृत विचार

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर

इज्जतनगर शिव पार्वती मंदिर

सिटी ब्रीफ

समाजसेवियों को सम्मानित किया

बरेली, अमृत विचार : पीस कमेटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर समाजसेवियों को सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत में अध्यक्ष गुरु जनार्धन आचार्य उर्फ कमांडो का स्वागत किया गया। सम्मानित होने वालों में बाबा बनखंडी नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पीस कमेटी के मुख्य सलाहकार संजीव शर्मा, मोनू खान, सरदार अमरजीत सिंह, सुभाष, बिलाल आदि शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष नदीम इकबाल ने कहा कि पीस कमेटी ऑफ इंडिया हिन्दू-मुस्लिम एकता, सामाजिक सौहार्द और सहयोग के लिए निरंतर कार्यरत है। महासचिव मनमोहन सिंह तनेजा ने कहा कि संस्था ने जोगी नवादा, कांवड़यात्रा और बारावफात के अवसरों पर पुलिस-प्रशासन के साथ मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।

वार्षिक संकीर्तन महोत्सव 29 से

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की बरेली शाखा की ओर से दो दिवसीय वार्षिक संकीर्तन महोत्सव का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी जगदीश भाटिया और मंत्री चमन लाल वर्मा ने बताया कि महोत्सव का पहला सत्र 29 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक झिरी धाम, पीलीभीत रोड पर आयोजित होगा। इसके बाद सभी भक्तजन बरेली लौटेंगे। शाम 7 बजे से 10 बजे तक दूसरा सत्र श्री बांके बिहारी मंदिर में आयोजित होगा। महोत्सव का तीसरा सत्र 30 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक श्री हरि मंदिर में संपन्न होगा। अंतिम चौथा सत्र अपराह्न 4 से शाम 6 बजे तक स्पर्श होटल एंड लॉन पीलीभीत रोड पर आयोजित होगा।

सिटी डायरी

दीपावली सहभोज में दिखा कला और सौहार्द का संगम

बरेली, अमृत विचार : नव ज्योति नृत्य नाट्य संस्था एवं वीर विजय नृत्य नाट्य संस्था की ओर से सोमवार को दीपावली सहभोज कार्यक्रम का आयोजन होटल अर्बन तंदूर में हुआ। जिसमें कला और सौहार्द का संगम देखने को मिला। आयोजन दोनों संस्थाओं की निर्देशिका हरजीत कौर और रवि सक्सेना ने किया। सहभोज में संस्था परिवार से जुड़े वरिष्ठ और युवा कलाकारों ने एक साथ मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कलाकारों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी पवन कालरा, देवेंद्र रावत, प्रदीप मिश्रा, अमित कक्कड़, नाहिद बेग, शाहिद हुसैन, वेद प्रकाश, गोपाल श्रीवास्तव, दीपक चौधरी, आकाश सक्सेना, अतुल मौर्य, महेशानंद, विश्राम सिंह, सुमन प्रजापति, रिया तिवारी, शीतल कश्यप, सोनी रॉय, आशा और सोनम आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस मनाने के लिए समिति का गठन

बरेली, अमृत विचार : राज्यपाल के निर्देश पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 9 नवंबर को उत्तराखंड का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए कुलपति के आदेश पर कुलसचिव हरीश चंद्र ने समिति का गठन किया है। समिति में प्रो. सुमित्रा कुकरेती को समन्वयक, डॉ. अनिल कुमार बिष्ट, डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. हरीश चंद्र भट्ट को सह समन्वयक बनाया है। कुलसचिव ने समिति को राज्यपाल के निर्देश के अनुसार स्थापना दिवस के कार्यक्रम के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी की ओर से 22 अक्टूबर को पत्र जारी किया गया था, जिसमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय में उत्तराखंड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में जम्मू-कश्मीर और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में झारखंड का स्थापना दिवस मनाने के निर्देश दिए गए थे। इसमें कई तरह की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के साथ डॉक्युमेंट्री भी बनाई जाएगी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद एक बुकलेट तैयार कर सचिवालय को भेजनी होगी।

डॉ. नरेंद्र बने होम्योपैथी अनुसंधान परिषद गवर्निंग बॉडी के सदस्य

बरेली, अमृत विचार : भाजपा के संगठनात्मक बरेली जिले के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र गंगवार को केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद गवर्निंग बॉडी का सदस्य नामित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद में लंबे समय तक काम कर चुके डॉ नरेंद्र को आयुष मंत्रालय की संस्तुति पर यह जिम्मेदारी दी गई है। बरेली पहुंचने पर सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं ने डॉ नरेंद्र गंगवार का स्वागत किया। केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद में कैबिनेट मंत्री अध्यक्ष होते हैं। इनके अलावा देशभर में पांच सदस्य होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की गवर्निंग बॉडी में नामित किए हैं। मूल रूप से बहेड़ी निवासी डॉ नरेंद्र ने संघ में प्राथमिक शिक्षा वर्ग, संघ शिक्षा वर्ग, मुख्य शिक्षक जगतपुर शाखा, संस्कार भारती एकल अभियान, ग्राम स्वराज मंच प्रभारी, आरोग्य योजना प्रभारी जैसे दायित्व निभाए हैं।

भीष्म की मृत्यु से जुड़ा प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : निर्माण नगर स्थित मां मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित आचार्य दीपुष्कर शास्त्री ने सत्यवती के हस्तिनापुर आगमन, भीष्म की मृत्यु का कारण शिखंडी के बनने का प्रसंग सुनाया। राजेश प्रकाश अग्रवाल, मुकुल सक्सेना, विकास बंसल, कमल प्रकाश अग्रवाल, सुनील खंडेलवाल, हरीश गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, वैभव दीप गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, दीपक शंखधर आदि उपस्थित रहे।

कबड्डी की मंडलीय व फुटबॉल की जिला टीम का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक मिर्जापुर में और फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए सोमवार को कबड्डी की मंडलीय टीम का चयन किया गया, जिसमें तबस्सुम बी, रुची, विनिशा, मोहिनी, शीतल, वर्षा, कान्ति, शोभा, किरन, भावना, गुड़िया, शशि, गुंजन यादव और रानी चयनित हुईं। वहीं फुटबॉल की जिला टीम में नमन सैनी, मो. उजैर, शिव प्रकाश, प्रज्ज्वल दीक्षित, उदित सिंह,

फुटबॉल ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी।

शास्वत, प्रियांशु राठौर, अक्षत शर्मा, तरुण चौहान, दिव्यांश मौर्य, अर्जुन प्रजापति, मिहिर देव, अभिषेक बिष्ट, राजेश कश्यप, शुभम, हर्षित वार्ने, नितिन का चयन हुआ।

मैंने मोहन को बुलाया है वह आता होगा

● श्री सनातन धर्म मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन में चल रहे 11 दिवसीय कार्तिक महोत्सव के दूसरे दिन श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट ने हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया। मंडल के प्रधान अनुज अग्रवाल ने कहा कि हरिनाम सत्संग हृदय को शुद्ध करता है और पापों का नाश करता है। साथ ही मनुष्य को जीवन की कठिनाइयों से ऊपर उठने की शक्ति प्रदान करता है।

कार्यक्रम में अनुज अग्रवाल ने करुणामयी किरपामयी, मेरी दयामयी

श्री सनातन धर्म मंदिर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

राधे, शिव चावला ने करुणा भरी नजर से निहारो लाडली, विवेक अग्रवाल ने मैंने मोहन को बुलाया है, वह आता होगा और पंकज अग्रवाल ने हम हो गये राधा नाम के दीवाने आदि भजन प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। नवीन आनंद, जयदीप चांदना, जतिन गुलाटी, सनी, पवन चांदना, कक्कड़, संजीव मुखर्जी और हरीश सेठी आदि का विशेष योगदान रहा। महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि तीसरे दिन श्री सनातन धर्म मंदिर महिला एवं पुरुष मंडल की ओर से एक शाम राधा रानी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

दमखम दिखाया | **सेपकटाकरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की महिला टीम को रजत से करना पड़ा संतोष**

सेपक टाकरा : उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गोवा के मडगांव में आयोजित 35वीं सीनियर राष्ट्रीय सेपकटाकरा चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की पुरुष और महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष टीम ने डबल्स इवेंट में स्वर्ण पदक और महिला टीम ने क्वाड इवेंट में रजत और टीम इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष टीम ने फाइनल में शानदार करते हुए केरल को 15-11,15-6 से हराते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

महिला के फाइनल मुकाबले में टीम को कड़े संघर्ष के ऑल इंडिया पुलिस के हाथों हार के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं ज्वाइंट मुकाबले में टीम ने नागालैंड को हराया और कांस्य पदक जीता।

मेडल के साथ यूपी महिला और पुरुष टीम के खिलाड़ी, साथ में कोच।

टीम के शानदार प्रदर्शन पर उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के महासचिव सुमिल एस सीरिया और अध्यक्ष कार्तिक आनंद ने सभी खिलाड़ियों और पदाधिकारियों को बधाई दी। टीम के मैनेजर प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी एवं पूर्व आईटीबीपी अधिकारी तानसिंह ने बताया कि पुरुष वर्ग की टीम ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड पर कब्जा किया। टीम ने कोच मीना कुमारी, कोच राम कुमार और शुभम तिवारी के निर्देशन में खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाया। महासचिव सीरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खेल की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारत सरकार ने सेपक टाकरा को खेलो इंडिया में शामिल किया है।

हैंडबाल की मंडलीय टीम का चयन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक लखनऊ में किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिले की टीम के लिए ट्रायल सोमवार को हुए। टीम में आराधना गंगवार, नीलम, वर्णिका पटेल, वर्तिका, भव्या चित्रांशी, राधा, चारु सिंह, आशमिता, शुगंधा, सविता, रंजना और शीतल सिंह का चयन हुआ।

सब-जूनियर बालिका फुटबॉल के ट्रायल 29 से

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 10 नवंबर तक डॉ. भीम राव आंबेडकर स्टेडियम मऊ में किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिला और मंडल की टीम के ट्रायल की तिथि घोषित कर दी गयी है। जिले के ट्रायल 29 अक्टूबर और मंडल के ट्रायल 30 अक्टूबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किये जाएंगे। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2013 के मध्य होना अनिवार्य है।

बैडमिंटन ट्रायल कल

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय और प्रदेशीय क्रीड़ा संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला और पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में 4 से 6 नवंबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए जिले टीम के ट्रायल 29 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से और मंडल टीम के ट्रायल 31 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में किए जाएंगे।